कार्यालय प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला, जिला बेमेतरा (छ.ग.)
महाविद्यालय का ई मेल : collegeberla2008@gmail.com
वेब साइट : www.govtcollegeberla.in फोन नं. 7825297300, 07825287744 कॉलेज कोडः 1705

बेरला, दिनाँक 07/08/2026

## //प्रवेश सूचना//

विषयः– सत्र 2026–27 में स्वाध्यायी विद्यार्थियों कि प्रवेश की सूचना।

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से संबंद्धता प्राप्त इस महाविद्यालय में सत्र 2026–27 में स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए कक्षा **बी.ए/बी.एस.सी/बी.कॉम** के प्रथम सेमेस्टर प्रवेश हेतु निम्नानुसार निर्धारित है।

| क्रमांक | विवरण | निर्धारित तिथियाँ |
|---|---|---|
| 01 | पंजीयन हेतु ऑनलाईन पोर्टल कि तिथि (बी.ए/बी.एस.सी/बी.कॉम– प्रथम सेमेस्टर) – | 06.08.2026 से 31.08.2026 तक |
| 02 | पंजीयन आवेदन की हार्डकापी महाविद्यालय में जमा करने की तिथि – | 01.09.2026 से 05.09.2026 तक |
| 03 | GE/DSE/VAC/SEC आबंटन की तिथियाँ– (वेरिफाई करने की अंतिम तिथि) | 05.09.2026 से 15.09.2026 तक |
| 04 | GE/DSE/VAC/SEC कोर्सवार विद्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय को प्रषित करने की तिथियाँ– | 16.09.2026 से 30.09.2026 तक |

- विद्यार्थी पंजीयन के पश्चात ही प्रवेश के लिए पात्र होंगें।
- सभी विद्यार्थी को ABC ID बनाना अनिवार्य है।
- पंजीयन शुल्क 150/– का भुगतान ऑनलाईन होगा।
- आवश्यक दस्तावेजः–
  01. ऑनलाईन आवेदन की हार्डकापी।
  02. कक्षा 10 वीं अंकसूची की छायाप्रति।
  03. कक्षा 12 वीं अंकसूची की छायाप्रतिं।
  04. जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
  05. निवासी प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
  06. आधार कार्ड की छायाप्रति।
  07. टी.सी एवं माईग्रेशन प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

प्राचार्य
Principal
Govt. Naveen College
Berla, Dist.-Bemetara

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 16/2015 द्वारा स्थापित)

Email.-exam@durguniversity.ac.in Website :- www.durguniversity.ac.in Phone No. 0788-2359100


क्र. 5019 /अका. /पंजीयन/NEP/स्वाध्यायी/2026 दिनांक06/08/2026

## //अधिसूचना//

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्वाध्यायी/अमहाविद्यालयीन/प्राईवेट छात्र/छात्रा के रूप में सत्र 2026-27 के अन्तर्गत बी.ए/बी.एससी./बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों से परीक्षा में सम्मिलित होंगे उनके लिए परीक्षा पद्धति "सेमेस्टर प्रणाली" से आयोजित की जायेगी। जिसके लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है, अतः प्राईवेट विद्यार्थियों के पंजीयन हेतु विश्वविद्यालयीन पोर्टल www.durguniversity.ac.in के माध्यम से पंजीयन आवेदन फार्म प्रारंभ करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है:-

| क्र. | विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 01 | पंजीयन हेतु पोर्टल खोले जाने की तिथि (केवल बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर में स्वाध्यायी/प्राईवेट/अमहाविद्यालयीन छात्र के रूप में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए) | 06/08/2026 से 31/08/2026 तक |
| 02 | परीक्षार्थियों द्वारा पंजीयन आवेदन की हार्डकापी आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित महाविद्यालयों में जमा करने की अंतिम तिथि | 01/09/2026 तक |
| 03 | स्वाध्यायी विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध GE/DSE/VAC/SEC का विद्यार्थियों से सहमति उपरांत आबंटन तथा ऑनलाइन वेरीफाई करने की अंतिम तिथि | 05/09/2026 से 15/09/2026 तक |
| 04 | महाविद्यालय द्वारा GE/DSE/VAC/SEC कोर्सवार विद्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय प्रेषित करने की अंतिम तिथि | 16/09/2026 से 30/09/2026 तक |

आवश्यक दिशा-निर्देशः-

- पंजीयन हेतु शुल्क के रूप में राशि रूपये 150/- (शब्दों में राशि रूपये एक सौ पचास मात्र) का भुगतान ऑनलाईन माध्यम से करना होगा।
- समस्त विद्यार्थी को ABC आई.डी. बनाना अनिवार्य है तत्पश्चात ही वे पंजीयन फार्म भर सकेंगे। (ABC आई.डी. हेतु लिंक https://www.abc.gov.in)
- विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन पंजीयन करने के उपरांत पंजीयन आवेदन फार्म संबंधित महाविद्यालय में निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से जमा करना तथा संबंधित महाविद्यालयों में उपलब्ध GE/VAC/SEC का विद्यार्थियों से सहमति उपरांत आबंटन करना अनिवार्य है ।
- महाविद्यालय अपनी वेबसाईट पर संबंधित महाविद्यालय में उपलब्ध GE/VAC/SEC की सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करेंगे।
- निर्धारित अंतिम तिथि तक पंजीयन आवेदन फार्म की हार्ड कॉपी संबंधित महाविद्यालय में जमा नहीं करने पर संबंधित विद्यार्थी का पंजीयन निरस्त कर दिया जायेगा।
- पंजीयन हेतु निर्धारित अंतिम तिथि उपरांत उपरोक्त पाठ्यक्रमों में स्वाध्यायी विद्यार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पृथक से अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।
- स्वाध्यायी विद्यार्थी के रूप में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को आंतरिक मूल्यांकन प्रथम/द्वितीय, असाईनमेंट तथा प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित समस्त जानकारी संबंधित महाविद्यालयों द्वारा प्रदान की जायेगी।
- सेमेस्टर पद्धति के अन्तर्गत शामिल स्वाध्यायी विद्यार्थियों का पंजीयन प्रथम सेमेस्टर में केवल एक बार ही कराया जाएगा, इन्हें प्रत्येक सेमेस्टर में पंजीयन की आवश्यकता नहीं होगी।
- स्वाध्यायी छात्र/छात्रा को सत्र के मध्य में महाविद्यालय/केन्द्र परिवर्तित करने का विकल्प नहीं रहेगा। अतः विद्यार्थी सावधानीपूर्वक महाविद्यालय का चयन करेंगे।
- प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु मानदेय पूर्ववत विश्वविद्यालय के नियमानुसार रहेगा।

- पंजीयन आवेदन जमा करने पर अग्रेषण शुल्क के रूप में राशि रू. 30/- (रूपये तीस मात्र) का भुगतान संबंधित महाविद्यालय में करना होगा जिसकी रसीद संबंधित महाविद्यालय विद्यार्थियों को प्रदान करेंगे।
- प्रायोगिक विषयों के स्वाध्यायी विद्यार्थियों हेतु सेमेस्टर परीक्षा के 45 दिवस पूर्व प्रायोगिक कक्षाएं/लैब वर्क का संचालन अनिवार्य रूप से किया जाए एवं पाठ्यक्रम के आधार पर प्रायोगिक कार्य पूर्ण कराया जाए।
- स्वाध्यायी विद्यार्थियों से महाविद्यालय आंतरिक परीक्षा एवं स्वाध्यायी विद्यार्थी प्रकोष्ठ हेतु शुल्क के रूप में प्रति सैद्धांतिक विषय 50 रूपये (पचास) तथा प्रति प्रायोगिक विषय 100 रूपये (एक सौ) लेंगे। उपरोक्त राशि प्रति सेमेस्टर की दर से भुगतान किया जाना होगा।
- प्रत्येक स्वाध्यायी विद्यार्थी को 30 घंटे की प्रायोगिक कक्षा/लैबवर्क का मिलना चाहिए जो एक क्रेडिट के बराबर होगा। (ज्ञातव्य हो कि प्रायोगिक विषय में 3 क्रेडिट Theory एवं 1 क्रेडिट Practical है।)
- प्रायोगिक परीक्षाएं पूर्ववत विश्वविद्यालय के समय सारणी अनुसार ली जायेगी तथा प्राप्तांकों को संबंधित महाविद्यालय विश्वविद्यालय को ऑनलाईन प्रेषित करेंगे, इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा विस्तृत निर्देश पृथक से जारी किए जायेंगे।

I/c [signature]
कुलसचिव

दुर्ग, दिनांक 6 /08/2026

क्र. 5020 /अका./पंजीयन/NEP/स्वाध्यायी/2026

प्रतिलिपिः-

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, राजभवन, रायपुर, छत्तीसगढ़।
2. सचिव, उच्च शिक्षा, छत्तीसगढ़ शासन महानदी भवन, मंत्रालय, नया रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक-सी-30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/वित्त अधिकारी/उ.कु.स. परीक्षा/अकादमिक/गोपनीय एवं संबंधित कार्य सहायक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. प्राचार्य, संबंधित समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
6. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
7. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र/पत्रिकाएं दुर्ग/बेमेतरा / राजनांदगांव/ कबीरधाम /बालोद / मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी/ खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्रों के आगामी अंक में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

[signature]
सहायक कुलसचिव